इलाके में पानी का संकट भी गहराया, रात भर सो भी न सके लोग, ग्रामीणों में फैला रोष

भरेह उपकेंद्र में 24 घंटे से बिजली की आपूर्ति ठप, 25 गांव प्रभावित

बिजली संकट

चकरनगर। भरेह बिजलीघर में रखी मशीन खराब होने से सोमवार दोपहर तीन बजे के बाद से बिजली सप्लाई ठप है। मंगलवार शाम पांच बजे तक सप्लाई बहाल न होने से 25 गांवों में लोग परेशान हैं। 24 घंटे से बिजली न आने से गांवों में पानी का संकट गहरा गया है। हैंडपंप और समरसेबल न चलने से लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। सोमवार रात गर्मी के कारण लोग सो नहीं सके।

चकरनगर क्षेत्र में तेंदुए का आतंक रहता है। बिजली न होने पर अंधेरे में बकरी पालकों को डर था कि कहीं तेंदुआ उनके पशुबाड़े में हमला न कर दे। इसलिए कई लोग रातभर जागते रहे। क्षेत्र के गांव भरेह, हरौली, बहादुरपुर, नीमाडा, चकरपुरा, अमदापुर, अचरौली, गनेशपुरा, नगरापुरा, ख्यालीपुरा, खेरापुरा, पथर्रा, इमलिया, पहलन, हरपुरा, महुआ सूड़ा, निवीगढ़ा, कासदा, कायछी, नौगांव, गौहानी, खिरिटी, ककरैया, रनिया, गोपालपुरा, छिबरौली, खेरा आदि गांवों में 24 घंटे से बिजली संकट बना है। एसडीओ एके वर्मा ने बताया कि मशीन खराब है। मंगलवार शाम तक इसे ठीक नहीं किया जा सका। बुधवार को बाहर से मिस्त्री बुलाकर मशीन ठीक कराई जाएगी। तब तक वैकल्पिक व्यवस्था कर ट्रिप कर-करके सप्लाई चलाने का प्रयास किया जाएगा, जिससे बिजली संबंधी कार्य प्रभावित न हों। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली न आने से काफी दिक्कत हो रही है। जरूरी काम भी नहीं हो पा रहे हैं।

जुगौरा फीडर से जुड़े सलेमपुर गांव में टूटा पड़ा बिजली का पोल ।

सलेमपुर गांव में 15 दिन से बिजली संकट

जसवंतनगर। जुगौरा फीडर से जुड़े सलेमपुर गांव में बिजली के चार पोल टूटने से पिछले 15 दिनों से करीब 150 घरों की बिजली आपूर्ति ठप है। लंबे समय से बिजली नहीं आने के कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बीहड़ क्षेत्र के समीप गांव होने के कारण रात में जंगली जानवरों और विषैले जीव-जंतुओं का खतरा भी बना रहता है। बिजली आपूर्ति बाधित होने से बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों आदिराम, मोहित, आलोक, वैजनाथ, रामबीर, कल्लू, मोहन, विवेक आदि का कहना है कि लगातार अंधेरा रहने से रात के समय घरों से निकलना भी मुश्किल हो गया है। जुगौरा फीडर के जेई रघुनाथ सिंह से जानकारी ली गई। उन्होंने बताया कि टूटे हुए बिजली के पोल बदलने के लिए ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए गए हैं।

पत्नी को लेने जा रहा डॉक्टर कार में मिला बेहोश, भर्ती

- ग्रामीणो ने कार का शीशा तोड़कर निकाला, जिला अस्पताल रेफर
- मरथना के गांव पाली स्थित आयुर्वेद अस्पताल में तैनात हैं डॉक्टर

बकेवर, संवाददाता। लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम दुर्गापरा ताल के पास मंगलवार की दोपहर कार के अंदर एक व्यक्ति बेहोश पड़ा था। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सूचना डायल 112नंबर पुलिस को दी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के सामने ग्रामीणो ने कार का शीशा तोड़कर उसे बाहर निकाल कर इलाज के लिए पं रामाधीन शर्मा 50शैया अस्पताल लेकर पहुँचे।

अस्पताल प्रशासन की सूचना पर थानाध्यक्ष विपिन मलिक पहुँचे। लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम दुर्गापुरा निवासी ग्रामीण अजय कुमार व विजय बहादुर ने बताया कि गांव के पास मंगलवार की दोपहर एक कार सड़क पर काफी देर से खड़ी हुई थी गाँव के लोग कार के पास पहुंचे तो कार के अंदर झांककर देखा और कार अंदर से लॉक थी। कार के अंदर एक व्यक्ति अचेत अवस्था मे पड़ा हुआ था। ग्रामीणो की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार के खिड़की के पास लगा ग्रामीणो से शीशा तुडवाकर कार के लॉक खोलकर अचेत पड़े व्यक्ति को बाहर निकलवा और पुलिस ने तलाशी ली तो उसके जेब से आधार कार्ड और मोबाइल फोन मिला। पुलिस ने मोबाइल फोन से उसकी पत्नी को सूचना दी। और एंबुलेंस बुलाकर अचेत पड़े डा प्रमोद कुमार सुनहरिया पुत्र किशन लाल निवासी गवहिया अम्बेडकर नगर विद्यालय के पास झाँसी को इलाज के लिए पं रामाधीन शर्मा 50शैया अस्पताल लेकर पहुँचे। जहाँ सीएमएस डा संदीप गुलाटी व रविंद्र शाहू ने चेकअप करने के बाद प्रमोद कुमार को प्राथमिक इलाज दिया। और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर थानाध्यक्ष विपिन मलिक पुलिस फोर्स के साथ अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी की।

प्रमोद की हालत में सुधार न होने के चलते डाक्टरो ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अयुर्वेद अस्पताल लवेदी की डा सीमा ने बताया कि उनके पति डा प्रमोद कुमार सुनहरिया भरथना क्षेत्र के गाँव पाली स्थित आयुर्वेद अस्पताल मे तैनात है और वह कार द्वारा मंगलवार की दोपहर अपनी पत्नी डा सीमा को लेने आयुर्वेद अस्पताल लवेदी से लेने जा रहे थे। उसी दौरान वह कार के अंदर बेहोश हो गए थे।

शहर 30 S

आग बुझाने का प्रशिक्षण देते फायर ब्रिगेड प्रभारी आशीष माहौर।

अग्निशमन उपकरण चलाने के तरीके सीखे

जसवंतनगर। आग लगने की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को थाना परिसर में पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को अग्निशमन उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण दिया गया। फायर ब्रिगेड प्रभारी आशीष माहौर के नेतृत्व में अग्निशमन टीम ने पुलिसकर्मियों को आग बुझाने के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों को फायर एक्सटिंग्विशर चलाने और उसे बंद करने की प्रक्रिया को व्यवहारिक रूप से समझाया गया।

संदिग्ध हालात में तीन मवेशियों की मौत

उदी। बढ़पुरा क्षेत्र के अजबपुर गांव में तीन मवेशियों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पशुपालक रामवीर जाटव ने अज्ञात व्यक्ति पर चारे में जहरीला पदार्थ मिलाने का आरोप लगाया है। मृत मवेशियों में एक भैंस, एक गाय और बछिया शामिल हैं। रामवीर के अनुसार, उन्होंने अपनी भैंस के लिए एक नांद में चारा डाला था। बाद में उसी नांद से चारा निकालकर गाय को भी खिलाया गया।

राजपुर गाँव में बैठक के दौरान मौजूद ब्राह्मण समाज महासभा के पदाधिकारी।

आरक्षण हटाओ आंदोलन में भागीदारी का संकल्प

जसवंतनगर। ब्राह्मण समाज महासभा ब्लॉक कार्यकारिणी की बैठक राजपुर में हुई। अध्यक्षता महांकर दुबे ने की, जबकि संचालन ब्लॉक अध्यक्ष लव पांडेय ने किया। बैठक में 21 अगस्त को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रस्तावित आरक्षण हटाओ आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का निर्णय लिया गया। पदाधिकारियों ने महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अरुण दुबे के नेतृत्व में आंदोलन में सहभागिता का संकल्प लिया।

इटावा में होगा अमृत भारत ट्रेन का स्टॉपेज

इटावा। प्रयागराज-उधना अमृत भारत एक्सप्रेस का ठहराव इटावा जंक्शन पर रहेगा। इससे गुजरात और राजस्थान की ओर जाने वाले यात्रियों को सीधी ट्रेन सुविधा मिलेगी। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी डा. शिवम शर्मा ने बताया कि गाड़ी संख्या 20437 प्रयागराज-उधना अमृत भारत एक्सप्रेस 24 अगस्त से प्रत्येक सोमवार को प्रयागराज से चलेगी। ट्रेन इटावा जंक्शन पर सुबह 9 :43 बजे पहुंचेगी और दो मिनट ठहराव के बाद 9 :45 बजे रवाना होगी।

अंतरजनपदीय हॉकी प्रतियोगिता शुरू

इटावा। पुलिस उपमहा निरीक्षक यमुना प्रसाद ने कानपुर जोन की 28 वीं अंतर्जनपदीय पुलिस हॉकी प्रतियोगिता-2026 का उद्घाटन किया।इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कानपुर नगर, फतेहगढ़, कन्नौज, जालौन, झांसी एवं ललितपुर की पुलिस टीमें प्रतिभाग करेंगी। एसएसपी बृजेश श्रीवास्तव ने टीमों का स्वागत किया। इस दौरान तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

सखी ग्रुप ने बांटे तुलसी के पौधे

औरैया। एक विचित्र पहल सेवा समिति की महिला शाखा तुलसी 'सखी ग्रुप' ने मंगलवार को फूलमती मंदिर में महिलाओं और राहगीरों को 101 तुलसी के पौधे वितरित किए। शाखा अध्यक्ष लक्ष्मी बिश्नोई ने बताया कि समूह पिछले चार वर्षों में 4075 तुलसी के पौधे निशुल्क वितरित कर चुका है। उन्होंने तुलसी के धार्मिक और पारंपरिक महत्व की जानकारी दी।

महिला गहने बचाने को बनी लेडी सिंघम

ऊसराहार, संवाददाता। गायत्री शक्ति पीठ मंदिर पर महिला के कमरे में घुसे बदमाशों ने महिला के कुंडल छीनने का प्रयास किया। महिला गहने बचाने को दो बदमाशों से भिड़ गई और उसने दोनों की पिटाई भी कर दी। बदमाश खुद को बचाकर भाग निकले। हालांकि महिला का एक कुंडल बदमाश छीन ले गए।

ऊसराहार थाना क्षेत्र के कौआ गांव में गायत्री शक्ति पीठ के नाम से गायत्री मंदिर है। मंदिर की देखरेख प्रवीण तिवारी व उनकी पत्नी शालनी तिवारी करती हैं। कुछ काम से प्रवीण तिवारी राजस्थान गए हुए थे और सोमवार की रात शालिनी मंदिर पर अकेली थी। सोमवार की रात वह दरवाजे बंद कर कमरे में सो गई। सुबह तीन बजे लगभग वह जागी तो दरवाजा खोलकर कमरे की सफाई करने लगीं। इसी बीच मंदिर की दीवार फांदकर दो बदमाश उनके कमरे में घुस आए और लूट के इरादे से शालिनी के कानों के कुंडल खींचने लगे। शालिनी ने दो बदमाशों को सामने देखा इसके बाद भी हिम्मत नहीं हारीं। वह दोनों बदमाशों से अकेले भिड़ गई। उन्होंने बदमाशों को कानों के कुंडल खींचने नही दिए तो हताश बदमाशों ने उनके मुंह पर मुक्के का प्रहार कर दिया। जिससे उनके दांत टूट गए और मुंह से खून बहने लगा।

दूध व्यापारी की संदिग्ध हालात में मौत

हड़कंप

- निजी अस्पताल में गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप
- व्यापारी की जेब में पड़े करीब 40 हजार रुपये भी निकालने का आरोप लगाया
- पूठन सकरौली गांव का मामला, खांसी-बुखार की दवा लेने गए थे

इटावा, संवाददाता। पूठन सकरौली गांव में दूध व्यापारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने गांव के झोलाछाप डाक्टर पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। खांसी बुखार की दवाई लेने जाने पर इंजेक्शन लगाया था।

पूठन सकरौली के रहने वाले 46 वर्षीय संजीव कुमार मंगलवार शाम 4 बजे गांव के पास स्थित एक डॉक्टर की क्लीनिक पर खांसी-जुकाम की दवा लेने गए थे। परिजनों के मुताबिक डॉक्टर ने उन्हें इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगते ही अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद डॉक्टर और उसका सहयोगी उन्हें जिला अस्पताल की इमरजेंसी लेकर पहुंचे। इमरजेंसी में डा. ओम राजपूत ने संजीव कुमार की जांच करके उनको मृत घोषित कर दिया। संजीव को अस्पताल लेकर आए झोलाछाप डॉक्टर और उसका सहयोगी मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। पुलिस को भी मामले की सूचना दी गई, जिसके बाद शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया। मृतक के चचेरे भाई चंद्रभान ने आरोप लगाया कि भाई संजीव कुमार को कोई गंभीर बीमारी नहीं थी। वह मंगलवार सुबह से दोपहर तक सामांय थे केवल खांसी बुखार की दवाई लेने गए थे। भतीजे के अनुसार गलत इंजेक्शन लगाए जाने के बाद उनकी हालत बिगड़ी और कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। परिजनों ने जेब से रुपये गायब होने का आरोप प्लगाते हुए बताया कि जेब में 30 से 40 हजार रुपए थे। डा.राजपूत ने बताया कि दो लोग संजीव कुमार को मृत अवस्था में लेकर अस्पताल आए थे। उनके बताए अनुसार संजीव को मोनोसेफ इंजेक्शन दिया गया था। लेकिन इससे मौत होने का कोई संबंध नही है।

वहीं दूसरी ओर दूध व्यापारी की मौत से परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों का कहना है कि हमें हर हाल में न्याय मिलना चाहिए। पुलिस ने जांच की बात कही है।

कार्यालय कर निर्धारण विभाग, नगर पालिका परिषद, इटावा (उ0प्र0)

नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अन्तर्गत द्वारा अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, इटावा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती लता राजपूत पत्नी दलवीर सिंह निवासी 194 यशोदा नगर इटावा ने प्रार्थना पत्र 18.6.26 मय नकल बैनामा/हलफनामा इस कार्यालय में प्रस्तुत किया है कि उन्होंने मकान 246 कोकपुरा पश्चिमी इटावा को बजरिये बैनामा श्री प्रकाश नरायन द्विवेदी पुत्र श्री गुलजारी लाल द्विवेदी व श्रीमती गिरजेश द्विवेदी पत्नी श्री प्रकाश नरायन पुत्री श्री घासीराम निवासी-विजय नगर इटावा से खरीद लिया है और प्रार्थना की है कि उनका नाम कर-निर्धारण रजिस्टर में मालिक की हैसियत से दर्ज कर लिया जावे। कर-निर्धारण में दर्ज प्रविष्टि के अनुसार मकान 246 कोकपुरा पश्चिमी इटावा श्री प्रकाश नरायन द्विवेदी पुत्र स्व0 श्री दुलजारी लाल द्विवेदी का नाम दर्ज चला आ रहा है यदि उक्त नाम परिवर्तन के सम्बन्ध में किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह नोटिस प्रकाशन के एक माह (30 दिन) के अन्दर अपनी आपत्ति मय साक्ष्य सहित प्रस्तुत करें अन्यथा बाद म्याद नोटिस नगर पालिका परिषद किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी। वांछित संशोधन कर दिया जायेगा। संशोधन केवल करों की वसूली हेतु ही होगा। चौहद्दी निम्न प्रकार है:- पूर्व- सड़क इटावा पचावली कुम्हावर मार्ग, पश्चिम- मकान यादव जी, उत्तर- मकान अरविन्द यादव, दक्षिण- गली 10 फीट चौड़ा

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, इटावा

कानपुर विकास प्राधिकरण

शुद्धिपत्र सूचना

सर्वसधारण को सूचित किया जाता है, भूखण्ड/भवन संख्या-19, ब्लाक-क्यू-2, स्कीम-4, सीसामऊ कानपुर नगर के भू-स्वामी श्रीमती हरजीत कौर गांधी पत्नी श्री रवीन्द्र सिंह, श्रीमती हरजीत कौर पत्नी श्री मनमोहन सिंह, श्री रवीन्द्र सिंह एवं श्री मनमोहन सिंह पुत्र स्व0 सुरजीत सिंह द्वारा मिश्रित उपयोग हेतु मानचित्र स्वीकृत किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की सूचना दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान हिन्दी एवं अमर उजाला कानपुर में दिनांक 05.07.2026 को प्रकाशित की गयी थी। उक्त आवेदन में भूखण्ड संख्या 19 को परिसर सं. 109/362 एवं भूखण्ड सं. 18, पार्ट परिसर संख्या 109/361ए ब्लाक क्यू/2 स्कीम-4 सीसामऊ जी0टी0 रोड कानपुर क्षेत्रफल 321.07 वर्गमी0 दोनो भूखण्डो को जोड कर शमन मानचित्र स्वीकृत कराया जाना है। दोनो को मिला कर पढ़ा जाये। शेष विवरण यथावत् रहेगा।

सचिव, कानपुर विकास प्राधिकरण

कार्यालय नगर पालिका परिषद जसवन्तनगर, इटावा

सार्वजनिक सूचना नोटिस पत्र (अन्तर्गत धारा 147(2) नगर पालिका अधिनियम 1916)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती गुलबदन बेगम पत्नी श्री बजरूद्दीन निवासी मु0- कटरा बिल्लोचियान कस्बा व तहसील- जसवन्तनगर जिला-इटावा ने स्वयं का शपथ पत्र मय नोटरी बयान हल्फी की मूलप्रति एवं रजिस्टर्ड बैनामा की छायाप्रति संलग्न करते हुये प्रार्थना की है, कि वार्ड नं0 10 मु0- कटरा बिल्लोचियान जसवन्तनगर, इटावा में स्थित एककिता आवासीय आराजी प्लाट की डिमाण्ड संख्या 133(अ) पर श्रीमती गुलबदन बेगम पत्नी श्री बजरूद्दीन निवासी मु0- कटरा चिल्लोचियान कस्बा व तहसील- जसवन्तनगर जिला-इटावा का नाम अंकित/दाखिल कर दिया जाये। श्री निरास अहमद वसूली कर्ता की जांच आख्या रिपोर्ट के आधार पर पालिका में उक्त एककिता आवासीय आराजी प्लाट वार्ड संख्या 10 मु0-कटरा बिल्लोचियान, जसवन्तनगर इटावा की डिमाण्ड संख्या 133(अ) पर श्री बाबू खॉ पुत्र श्री दोष मोहम्मद निवासी मु0-कटरा बिल्लोचियान कस्बा व तहसील-जसवन्तनगर जिला-इटावा का नाम अंकित है, उक्त डिमाण्ड सं0 133 (अ) से श्री बाबू खॉ पुत्र श्री दोष मोहम्मद का नाम खारिज कर वार्ड संख्या 10 मु0- कटरा बिल्लोचियान, जसवन्तनगर इटावा की डिमाण्ड संख्या 133 (अ) पर श्रीमती गुलबदन बेगम पत्नी श्री बजरूद्दीन निवासी मु0-कटरा बिल्लोचियान कस्बा व तहसील-जसवन्तनगर जिला-इटावा का नाम अंकित/दाखिल-खारिज मात्र कर वसूली के प्रयोजन हेतु किया जा रहा है। जिसका स्वामित्व से कोई सम्बन्ध नहीं है। अतः इस सम्बन्ध में आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं, जो अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद, जसवन्तनगर को संबोधित एवं इस प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर पालिका कार्यालय कार्य दिवस में साक्ष्यों सहित प्रस्तुत करें। म्याद गुजर जाने के उपरान्त विचार नहीं किया जा सकेगा। भवनकी चौहद्दी- पूरब में मकान शफीक, पश्चिम में मकान कफील अहमद उर्फ पप्पू, उत्तर में मकान पप्पू, दक्षिण में गली 6 फीट चौड़ी।

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, जसवन्तनगर, इटावा

INVEST UP

ISSUER,
CHIEF EXECUTIVE OFFICER, INVEST UP

डीपीएस के खिलाड़ियों ने जूडो में जीते आठ पदक

विजेताओं का उत्साहवर्धन करतीं प्रधानाचार्य भावना सिंह ।

इटावा, संवाददाता। बनारस स्थित सुभाष चंद्र अकादमी में संपन्न हुई सीबीएसई ईस्ट जोन जूडो चैंपियनशिप में डीपीएस के छात्र-छात्राओं ने 8 पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया है। जूडो कोच प्रभाकर सिंह के मार्गदर्शन में डीपीएस के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज पदक अपने नाम किए, जिसमें विद्यालय के दो मेधावी खिलाड़ियों ने नेशनल जूडो चैंपियनशिप के लिए भी स्थान सुरक्षित कर लिया है। प्रतियोगिता में मयंक सिंह धनगर ने अंडर-17 आयु वर्ग के 90 किग्रा से कम भार वर्ग में रजत पदक हासिल किया, वहीं सूर्यांश ने अंडर-19 आयु वर्ग के 73 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया और इन दोनों खिलाड़ियों ने नेशनल जूडो चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया। अंडर-14 आयु के 35 किग्रा भार वर्ग में अक्षय यादव, अंडर-14 आयु के 30 किग्रा भार वर्ग में शौर्य प्रताप, अंडर-19 आयु के 45 किग्रा भार वर्ग में प्रत्यूष चतुर्वेदी, अंडर-19 आयु के 60 किग्रा भार वर्ग में शुभ गुप्ता, अंडर-19 आयु के 90 किग्रा भार वर्ग में सम्यक और अंडर-19 आयु के 45 किग्रा भार वर्ग में समर ने कांस्य पदक जीते।

प्रिंसिपल भावना सिंह ने कहा कि खेलों के माध्यम से ही बच्चों में अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है, जिससे उनकी छिपी हुई प्रतिभा निखरकर सामने आती है। चेयरमैन डॉ. विवेक यादव एवं वाइस चेयरमैन डॉ. प्रीति यादव ने संयुक्त रूप से सभी विजेता बच्चों, उनके अभिभावकों और कोच प्रभाकर सिंह को बधाई दी।

पीआरडी जवानों का बढ़ा भत्ता, लाइव प्रसारण देखा

इटावा, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीआरडी जवानों के सम्मेलन में कैशलेश इलाज का तोहफा दिया। उन्होने पीआरडी जवानों को वर्तमान निर्धारित ड्यूटी भत्ता 500 रुपया प्रतिदिन की दर में 100 रुपए की वृद्धि करते हुये 600 रुपया प्रतिदिन किए जाने की घोषणा की। इसके साथ ही पीआरडी जवानों के लिये सरोजनी नगर लखनऊ में 22.95 करोड़ की लागत से मल्टीस्टोरी बैरक के निर्माण का शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम का जिले में सीधा प्रसारण दिखाया गया। इसमें मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया ने पीआरडी जवानों को मुख्यमंत्री की घोषणा के लिए बधाई दी । न्यायिक संदीप श्रीवास्तव, प्रभारी डीओपीआरडी विकास कुमार, राजीव त्रिपाठी, धीरज यादव, अतुल कुमार के साथ बड़ी संख्या में पीआरडी जवान मौजूद रहे।

सड़क से हटाया कब्जा फिर मिलने पर लगेगा जुर्माना

जसवंतनगर,संवाददाता। नेशनल हाइवे की सर्विस रोड पर किए गए अवैध कब्जों के खिलाफ मंगलवार को प्रशासन ने अभियान चलाया। हाईवे इंसीडेंट मैनेजर सुनीत चौहान ने पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र से लेकर आईटीआई चौराहे तक सर्विस रोड पर किए गए अतिक्रमण को बुलडोजर की मदद से हटवाया। अचानक हुई कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान सड़क किनारे दुकानदारों और मकान मालिकों की ओर से किए गए अस्थायी कब्जों को हटाया गया। सर्विस रोड पर रखा सामान, टीनशेड और अन्य अस्थायी ढांचे बुलडोजर से हटाकर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान कई लोग स्वयं ही अपना सामान हटाते नजर आए। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद दुकानदारों और मकान मालिकों को सख्त चेतावनी दी कि सर्विस रोड पर दोबारा कब्जा करने या सामान रखने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

क्षेत्रीय कार्यालय : न्यू मण्डी फर्रुखाबाद रोड इटावा

ई-नीलामी बिक्री सूचना

[नियम 8(6)]

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के तहत के अधीन अचल परिसंपत्तियों के बिक्री की ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सामान्य और आम जनता तथा विशेष रूप से कर्जदार/रों तथा जमानतदार/रों / बंधककर्ता/ओं को नोटिस दी जाती है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति प्रत्याभूत लेनदार को बंधक/प्रभारित है, जिसका सांकेतिक/भौतिक कब्जा सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, जिसकी बिक्री **"जैसे है जहां है", "जैसे है जो है" तथा "जो भी वहां है" तथा बिना किसी दायित्व** के आधार पर की जायेगी। सम्बन्धित सम्पत्तियों के विवरण के समक्ष आरक्षित मूल्य एवं ईएमडी प्रदर्शित है। ई-नीलामी बैंक द्वारा अनुमोदित सेवाप्रदाता ई-नीलामी एजेंसी की वेबसाइट https://baanknet.com के माध्यम से आयोजित की जाएगी। बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com में दिए गए लिंक को देखें।

ई-नीलामी की तिथि व समय : 23.09.2026, प्रातः 10:00 से सायं 04:00 बजे तक (5 मिनट के असीमित विस्तार सहित)
बिड जमा करने की अन्तिम तिथि व समय : 22.09.2026, प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक

क्र. सं.	ऋणी, बंधककर्ता और जमानतकर्ता का नाम व पता	अचल सम्पत्ति एवं स्वामी का विवरण	कुल बकाया धनराशि	ई-नीलामी की तिथि एवं समय	आरक्षित मूल्य/ धरोहर राशि/ बिड मूल्य
	शाखा : इटावा, शाखा प्रबन्धक सम्पर्क नं. 8303713668				
1.	**ऋणी- शीतेन्द्र शाक्य** पुत्र श्री गेंदालाल, **पता-** अड्डा श्यामलाल पिलखर, इटावा- 206001 **जमानतकर्ता/बंधककर्ता- श्रीमती कांत श्री** पत्नी श्री गेंदालाल, **पता-** अड्डा श्यामलाल, पिलखर, इटावा- 206001 (उ.प्र.)	साम्यिक बंधक आवासीय सम्पत्ति **श्रीमती कांत श्री** पत्नी गेंदालाल के नाम, आवासीय सम्पत्ति स्थित भूमि सं. 128, मौजा सुन्दरपुर (इटावा नगरपालिका सीमा के अंतर्गत) अड्डा श्यामलाल, नरेन्द्र-महेन्द्र बिल्डिंग मैटेरियल स्टोर के सामने गली, जिला- इटावा, **मकान नं.-** सम्पत्ति स्थित भूमि नं. 128, सेलडीड नं. 7482/2009, दिनांक 23.12.2009, **भूमि भवन का क्षेत्रफल- 3050 वर्गफीट। चौहद्दी: पूरब-** फूल सिंह का मकान, **पश्चिम-** रास्ता 15 फीट चौड़ा, **उत्तर-** क्रेता का मकान, **दक्षिण-** महेन्द्र सिंह का खेत	रु. 17,86,453.61 + उस पर बाद को लागू ब्याज तथा व्यय तत्पश्चात कम वसूली यदि कोई हो	23.09.2026 प्रातः 10:00 से सायं 4:00 तक	रु. 35.93 लाख (आरक्षित मूल्य) रु. 3.60 लाख (अग्रिम राशि) रु. 10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)

1. प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, सम्पत्ति पर कोई भार नही है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली प्रस्तुत करने से पहले भार, नीलामी में रखी गई सम्पत्ति/सम्पत्तियों के शीर्षक और सम्पत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकाया के दारे में अपनी स्वतन्त्र जांच करनी चाहिए।
2. उपर्युक्त सम्पत्ति को ऊपर बताए गए आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेचा जाएगा।
3. बोलीदाताओं की वेबसाइट https://baanknet.com पर पंजीकृत होना होगा और केवाईसी दस्तावेज सेवा प्रदाता द्वारा केवाईसी दस्तावेजों के सत्यापन के बाद अपलोड करने होंगे। धरोहर राशि एनईएफटी के माध्यम से ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में दिनांक 22.09.2026 सायं 4:00 बजे तक जमा की जाएगी। (https://baanknet.com से चालान जनरेट होने के बाद)
4. अधिक जानकारी के लिए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, प्राधिकृत अधिकारी से मो. नं. 7390932121 पर सम्पर्क करें। सम्पत्ति के निरीक्षण के लिए कृपया शाखा प्रबन्धक से सम्पर्क करें।
5. सफल बोलीदाता को सुरक्षित सम्पत्तियों के पंजीकरण/हस्तांतरण के लिए स्टांप शुल्क, पंजीकरण, कर देयता आदि जैसे सभी आवश्यक खर्च वहन करने होंगे।
6. नियम और शर्तें पूरी तरह से SARFAESI अधिनियम, नियम 2002 एवं बैंक की पॉलिसी के प्रावधानों के अनुसार होंगी।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत वैधानिक 30 दिनों की बिक्री सूचना

दिनांक : 19.08.2026 **स्थान : इटावा** **प्राधिकृत अधिकारी : सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया**

प्रतिभा

इटावा सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स ने सेंट मेरी में अंतरविद्यालीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया

शतरंज में उज्जवल और युवराज बने विजेता

शतरंज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र ।

इटावा, संवाददाता। इटावा सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स के तत्वावधान में अंतरविद्यालयीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन सेंट मेरीज़ इंटर कॉलेज में किया गया। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य नारायण कॉलेज व सहोदय अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि शतरंज केवल जीत और हार का खेल नहीं, बल्कि धैर्य, एकाग्रता, निर्णय लेने की क्षमता, रणनीतिक सोच और निरंतर सीखने की कला विकसित करने का माध्यम है। उन्होंने हार को निराशा का कारण न मानकर उससे सीख लेकर आगे बढ़ने के लिए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान उज्जवल राजपूत सेंट पीटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल जसवंतनगर, द्वितीय स्थान काव्या अग्रवाल, संत विवेकानंद स्कूल, तृतीय स्थान सूर्यांश सुदिति ग्लोबल अकादमी ने प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान युवराज वर्मा दिल्ली पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान शिवांशु एसएस मेमोरियल स्कूल सैफई व तृतीय स्थान आकर्षक अग्रवाल सुदिति ग्लोबल अकादमी ने प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के ऑब्जर्वर प्रधानाचार्य सेविन हिल्स स्कूल सौरभ दुबे रहे। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश यादव, अभिषेक सक्सेना, रॉय वर्गीज़, प्रधानाचार्य रेव. डॉ. फादर शिजू जॉर्ज मौजूद रहे। विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।